तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 11 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 13 दिसंबर 2025

कुरूद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 महिलाओं में जागी आत्मविश्वास की नई किरण

12 युवाओं को है नालंदा परिसर का इंतजार


## खबर संक्षेप

### प्रायोगिक परीक्षा आज

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के आईटी विभाग में 13 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से पीजीडीसीए व्दितीय सेमेस्टर विषय ऑफिस ऑटोमेशन एवं एमएसटीआईटी प्रथम सेमेस्टर विषय वेब टेक्नालॉजी की प्रायोगिक परीक्षा होगी। छात्राओं को अपनी आवश्यक प्रायोगिक सामग्री के साथ उपस्थित होने कहा गया है।

### देवपुर में निषाद समाज की बैठक आज

**धमतरी।** छग निषाद समाज 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर की बैठक 13 दिसम्बर को श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण देवपुर में सुबह 11.30 बजे रखी गई है जिसमें आय-व्यय की जानकारी दी जाएगी। यह जानकारी पाली अध्यक्ष फगनू राम निषाद, महासचिव नील निषाद, मीडिया प्रभारी पवन निषाद ने दी है।

### कचना में श्रीमद् भागवत कथा 15 जनवरी से

**जीजामगांव।** ग्राम कचना में 15 से 21 जनवरी तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथावाचिका ममता दीदी पाठक रतलाम मध्यप्रदेश होंगी। 15 जनवरी को कलश शोभायात्रा एवं महात्मय धुंधकारी मोक्ष की कथा, 16 जनवरी को कपिल मुनि अवतार, 17 जनवरी को ध्रुव चरित्र, 18 जनवरी को कृष्ण जन्मोत्सव, 19 जनवरी को गोवर्धन पूजा, 20 जनवरी को रुक्मणि विवाह, 21 जनवरी को परीक्षित मोक्ष, पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी वितरण के साथ कथा का समापन होगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से संध्या 5 बजे तक होगी।



### सड़क हादसे में घायल महिला की मौत

**धमतरी।** हाईस्पीड बाइक की ठोकर से गंभीर रूप से घायल महिला की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार खेमीन साहू पति जितेन्द्र उम्र 39 वर्ष गुरूर निवासी बीते 6 दिसम्बर की रात्रि खाना खाने के बाद पति जितेन्द्र साहू के साथ गुरूर मेन रोड पर टहलने निकली थी। दोनों पति-पत्नी सड़क पर पैदल टहल रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात मोटरसाइकिल के चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए महिला को ठोकर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे उपचार के लिये गुरूर अस्पताल लाया गया जहां से रिफर करने पर घायल महिला को धमतरी के श्रीराम अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान घायल महिला की गुरूवार की रात्रि मौत हो गई। चौकी पुलिस ने शुक्रवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### जहर सेवन से अधेड़ की मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक अधेड़ ने कीटनाशक दवाई का सवेन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार समीपस्थ ग्राम बागतराई थाना पुरूर निवासी कोमल सिंग साहू पिता पहारूराम 49 वर्ष की दिमागी हालत ठीक नहीं थी जिसका उपचार डीसीएच व ब्लू हिल्स हास्पिटल में चल रहा था। गुरूवार को अधेड़ घर पर अकेला था। दोपहर 1 बजे जब उसकी पत्नी घर पहुंची तो अधेड़ उल्टी कर रहा था। इससे जहरीली दुर्गन्ध आ रही थी। अधेड़ को उपचार के लिये तत्काल जिला अस्पताल लाया गया जहां से रिफर कराकर उसे श्रीराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान गुरूवार की रात्रि अधेड़ की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने शुक्रवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

धान खरीदी का मुद्दा गरमाया, अन्य विभागों की समीक्षा हुई बाधित

# जिपं की सामान्य सभा में ई-लेवल के अधिकारी रहे नदारद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



शुक्रवार को जिला पंचायत की सामान्य सभा में धान खरीदी का मुद्दा छाया रहा। वहीं विभिन्न विभागों के सीनियर अधिकारी की अनुपस्थिति पर कलेक्टर को पत्र लिखकर उपस्थिति के लिए निर्देशित करने को कहा है। बताया जा रहा है कि ई-लेवल के अधिकारी की मौजूदगी नहीं होने से विभागों की समीक्षा बाधित रही। इधर सामान्य सभा की बैठक में पत्रकारों के प्रवेश पर प्रतिबंध को लेकर तरह-तरह की चर्चा व्याप्त है।

जिला पंचायत की सामान्य सभा में खनिज विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण एवं सेतु निर्माण विभाग, वन विभाग, मार्कफेड एवं सहकारिता खादी ग्रामीण उद्योग विभाग की समीक्षा का एजेंडा रखा गया था।

जिपं अध्यक्ष अरूण सार्वा ने बताया कि बैठक में वन विभाग के सीनियर अधिकारी उपस्थित नहीं हुए। रेंजर उपस्थित थे लेकिन उन्होंने जिले की जानकारी देने में अक्षमता जाहिर की। उन्होंने बताया कि सीतानदी उदंती टाइगर रिजर्व क्षेत्र में रास्ता, पुल पुलिया निर्माण को लेकर चर्चा होनी थी। टाइगर रिजर्व का आफिस ग्राम सांकरा में है जो रिजर्व फॉरेस्ट से 30 किमी दूर है। इसका आफिस रिसगांव में बनना चाहिए ताकि रिजर्व फॉरेस्ट का निरीक्षण आसान हो। वन विभाग के अधिकारियों के आने-जाने के लिए रास्ता, पुलिया निर्माण पर चर्चा होनी थी।




### सरकार किसानों का धान खरीदना नहीं चाहती : कविता



जिपं सदस्य श्रीमती कविता बाबर ने बताया कि सभा में समर्थन मल्य पर धान खरीदी को लेकर मुद्दा उठा। ऑनलाइन टोकन जिस तर्ज पर काटा जा रहा है, उस हिसाब से समय पर किसानों का धान खरीदा नहीं जा सकता। सरकार की नीयत किसानों की धान खरीदी की नहीं है। महासमुंद जिले में एक किसान ने इसी मामले में सुसाइड का प्रयास किया है। धान का परिवहन भी नहीं हो पा रहा है। पंजीकृत रकबा के हिसाब से लिमिट नहीं है। उन्होंने बताया कि बहुत से मुद्दों पर चर्चा होनी थी लेकिन ई-लेवल के अधिकारियों की अनुपस्थिति से चर्चा बाधित रही। फारेस्ट विभाग से रेंजर को भेजा गया था। डीएफओ या एसडीओ की उपस्थिति होनी चाहिए। पीएचई विभाग से ई लेवल की उपस्थिति नहीं होने से इसकी समीक्षा नहीं हो पाई।

### पत्रकारों के प्रवेश पर प्रतिबंध



जिला पंचायत की सामान्य सभा में पत्रकारों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रखा गया है। पूर्व में बैठकों में फोटो लेने के लिए प्रवेश दिया जाता था। जिपं सदस्य नीलम चन्द्राकर ने कहा कि विधानसभा की सभा में मीडिया लाइव प्रसारण करता है लेकिन जिला पंचायत की बैठक में ऐसी क्या गुफ्तगू होती है जिसका कवरेज नहीं किया जा सकता। इस संबंध में अध्यक्ष अरूण सार्वा का कहना है कि मेंबरों से चर्चा कर इस पर विचार किया जाएगा।

# खरगोश के लिए जाल बिछाते दो शिकारी रंगेहाथ पकड़ाए



न्यायालय के आदेश पर गरियाबंद जेल में दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

उदंती सीतानदी रिजर्व फारेस्ट में दो शिकारियों को रंगेहाथ पकड़ा गया है। आरोपियों को न्यायालय के आदेश पर गरियाबंद जेल में दाखिल करवाया गया है। मामला 10 दिसंबर का है। गोपनीय सूत्रों के आधार पर प्रदेश की वन संरक्षक श्रीमती सतोविशा समाजदार, उपनिदेशक वरूण जैन, सहायक संचालक मैनपुर गोपालसिंह के निर्देश पर इंदागांव घुरवागुड़ी बफर परिक्षेत्र के आरक्षित क्षेत्र कक्ष क्रमांक 1225 में वन्य प्राणी खरगोश के शिकार के लिए जाल लगाते दो व्यक्ति वृन्दा सोरी पिता दशरथ सोरी 23 वर्ष ग्राम फरसरा तथा हरभजनसिंह पिता भगवान विश्वकर्मा 19 वर्ष ग्राम फरसरा को गिरफ्तार किया गया। मौके वारदात पर स्नेयर तार के कुल 28 नग फंदों को मुलजिमों के पास से जंगल में लगाते जब्त किया गया। मुलजिमों के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण दर्ज कर भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 52 एवं वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 27, 29, 31 एवं 52 के तहत विधिवत वैधानिक कार्रवाई कर आरोपियों को न्यायालय प्रथम श्रेणी देवभोग के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार उप जेल गरियाबंद में दाखिल कराया गया है।

उक्त कार्रवाई में वन परिक्षेत्र अधिकारी इंदागांव बफर सुशील सागर, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी राकेश सिंह परिहार, उपवन क्षेत्रपाल कविन्द्र मिश्रा, वनरक्षक रामकृष्ण साहू, एंटीपोचिंग टीम के सदस्य देवीसिंग यादव, पुनीतराम ध्रुव, सुरक्षा श्रमिकों का योगदान रहा।

### वृद्ध ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अज्ञात कारणों से एक वृद्ध ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। रूद्री पुलिस व परिजनों के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम बोरिदखुर्द के नयापारा निवासी अभयराम मंडावी पिता नहरू उर्फ नेहरूराम उम्र 65 वर्ष किसानी का काम करता था। गुरूवार को वृद्ध गांव में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में गया था। दोपहर में घर आकर सीधे अपने कमरे में चला गया। पुत्र जय कुमार भी घर आकर खाना खाकर अपने कमरे में आराम करने चला गया। इसी दौरान वृद्ध ने जूट की रस्सी का फंदा बना छत पर लगे सिलिंग हुक में फांसी लगा ली। लगभग शाम 4 बजे पुत्र जयकुमार अपने पिता को खाना खाने के लिये बुलाने उसके कमरे में गया जहां वृद्ध फंदे पर लटका हुआ था। परिजनों ने देर शाम घटना की सूचना रूद्री थाना को दी। पुलिस शुक्रवार की सुबह मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को फंदे से नीचे उतरवाकर जिला अस्पताल के मर्रच्यूरी भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। वृद्ध द्वारा फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# रेत के खेल में शासन को हर साल करोड़ों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अब तक ट्रैक्टरों से वैधानिक रूप से रेत निकालने की व्यवस्था नहीं की गई है। जिले में सभी ट्रैक्टरों से अवैध रूप से रेत की निकासी हो रही है। इस गोरखधंधे से शासन को हर रोज लाखों रुपए की रायल्टी का नुकसान हो रहा है। यही स्थिति हाइवा में रेत परिवहन को लेकर है। रेत के इस अवैध परिवहन से हर माह शासन को करीब डेढ़ करोड़ के राजस्व का घाटा हो रहा है।

स्थानीय स्तर पर रेत की सप्लाई ट्रैक्टरों से होती है। जानकारी के अनुसार पूरे जिले में करीब 350 ट्रैक्टर रेत की सप्लाई में लगे हुए हैं। हर ट्रैक्टर से रोजाना 3 से 4 ट्रिप रेत की निकासी हो रही है। जिले में 13 से ज्यादा अवैध खदान संचालित हो रही है। जहां पर ट्रैक्टरों से रेत निकासी के एवज में 200 रुपए से 300 रुपए तक वसूली की जा रही है। एक अनुमान के अनुसार हर रोज महानदी सहित अन्य खदानों से 1500 ट्रैक्टर ट्राली रेत की निकासी हो रही है। यदि शासन अवैध खदानों पर कड़ाई करते हुए ट्रैक्टरों से वैध रूप से रेत निकासी की व्यवस्था करता है तो हर रोज ढाई लाख रुपए का राजस्व शासन के खाते में जाएगा। विडंबना यह है कि कई साल से अवैध खदानों को वैध कर रायल्टी के साथ रेत निकासी व्यवस्था की मांग हो रही है, लेकिन अब तक शासन- प्रशासन ने इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया है।

### नए अधिकारी से नई उम्मीद, ट्रैक्टर संचालकों ने की वैध खदान की मांग



### मटेरियल सप्लायर भी परेशान

कोई विकल्प नहीं होने के कारण ट्रैक्टर संचालक अवैध रूप से रेत की निकासी कर रहे हैं। आए दिन की कार्रवाई से वे भी परेशान हैं। मटेरियल सप्लायर दीपांशु देवांगन, सुरेंद्र साहू, मयंक निर्मलकर आदि ने बताया कि वे खदानों में रुपए देकर रेत निकालते हैं, इसके बाद भी हमेशा कार्रवाई का डर बना रहता है। उन्होंने बताया कि शासन यदि रायल्टी की व्यवस्था कर खदानों से वैध रूप से रेत की निकासी की सुविधा देता है तो वे कार्रवाई के डर से मुक्त रहेंगे।

### हाईवा से भी लाखों का चूना

जिले में कई खदान वैध हैं, जहां से सिर्फ हाइवा से रेत की निकासी हो रही है। यहां भी हाइवा संचालकों से लोडिंग चार्ज तो लिया जाता है, लेकिन रायल्टी नहीं दी जाती है। हाइवा संचालक रायल्टी लेते भी हैं तो दिन में एक रायल्टी ही लेते हैं और इसी रायल्टी से कई ट्रिप रेत की निकासी की जाती है। इससे भी शासन को लाखों रूपए का नुकसान हो रहा है। ट्रैक्टर और हाइवा दोनों से हो रही रायल्टी का हिसाब करें तो माह में शासन को एक से डेढ़ करोड़ रूपए का नुकसान हो रहा है। इस हिसाब से सालाना 35-40 करोड़ रुपए की राजस्व हानि हो रही है।

### अधिकारी के आने से पहले कार्रवाई

धमतरी के खनिज अधिकारी हीरादास भारद्वाज की जगह नए खनिज अधिकारी हेमंत चेरपा ने पदभार सम्हाल लिया है। अधिकारी के आने से पहले ही खनिज विभाग एक्टिव हो गया है। गुरुवार को तीन ट्रैक्टरों पर कार्रवाई की गई। अब मटेरियल सप्लायर नए अधिकारी से उम्मीद कर रहे हैं कि उनके आने के बाद वैधानिक रूप से रेत निकालने की सुविधा उन्हें मिलेगी।

# बदमाश ने पेट्रोल पंपों में मचाई गुंडागर्दी

- महिला कर्मी से छेड़छाड़ व संचालक से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

देमार क्षेत्र के दो पेट्रोल पंप में नशे में धुत बदमाश ने तोड़फोड़ कर जमकर गुण्डागर्दी करते हुए महिलाकर्मी से छेड़छाड की। यही नहीं बदमाश ने पेट्रोल पंप के संचालक से भी मारपीट कर उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार की रात्रि देमार में स्थित गोंड फ्यूल्स में एक युवक बाइक में पेट्रोल भरवाने पहुंचा। पेट्रोल पंप में डयूटी कर रही महिलाकर्मी के साथ दुर्व्यवहार करते हुए अन्य ग्राहकों को उक्त महिलाकर्मी से बातचीत करने पर चाकू मार देने धमकाया। बदमाश युवक ने महिलाकर्मी का हाथ पकड़कर उसे अपने साथ ले जाने की कोशिश की। महिलाकर्मी ने किसी तरह युवक से खुद को छुड़वाया। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। गोंड फ्यूल्स में छेड़छाड़ कर उत्पात मचाने के बाद बदमाश कुछ दूरी पर स्थित दंतेश्वरी पेट्रोल पंप पहुंच गया। वहां कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज करने लगा। शोर सुनकर पेट्रोल पंप संचालक वहां पर पहुंचा। बदमाश युवक उसके साथ भी उलझ गया। युवक संचालक के केबिन में घुस गया। चाकू से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर स्टील के डस्टबीन से घायल करने का प्रयास किया। यह देख पेट्रोल पंप के स्टाफ ने उसे रोकने का प्रयास किया तो युवक मशीन का नोजल हाथ में लेकर खुद को आग लगा लेने की धमकी दी। कुछ देर उत्पात मचाने के बाद बदमाश युवक वहां से वापस चला गया। सोमवार को दंतेश्वरी फ्यूल्स के संचालक ने अर्जुनी थाना में लिखित शिकायत कर सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंप दिया। युवक ने तत्काल एक्शन लेते हुए युवक की गिरफ्तारी का प्रयास किया, लेकिन बदमाश युवक घटना के बाद से फरार बताया जा रहा है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। दो दिन में आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर पेट्रोल पंप संचालक ने हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है।







### धूम के नाम से चर्चित है आरोपी

रविवार की रात्रि देमार के दो पेट्रोल पंप में गुण्डागर्दी व महिलाकर्मी से छेड़छाड़ करने वाला बदमाश युवक ग्राम देमार थाना अर्जुनी का रहने वाला है। युवक देमार व आसपास के गांवों में धूम के नाम से चर्चित है। युवक नशे का आदी है। बदमाश युवक के खिलाफ रायपुर में मारपीट का मामला दर्ज है। पूर्व में हाइवा चालक से मारपीट की थी, वहीं रात्रि में उसके द्वारा देमार के आसपास की दुकानों में भी गुण्डागर्दी करना बताया जा रहा है।

**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**
**सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

**धमतरी जिले में**
**आवश्यकता है**

हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

| | | |
|---|---|---|
| धमतरी शहर | 5 पद | योग्यता |
| कुरूद | 3 पद | 12वीं से स्नातक |
| मगरलोड | 2 पद | वेतन |
| कोड़ेबोड़ | 2 पद | 15000/- |

हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो धमतरी शहर, कुरूद, मगरलोड, कोड़ेबोड़ क्षेत्र के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में अखबार का प्रसार कार्य कर सके, विज्ञापन एवं खबरों का भी दायित्व निभा सकें।

जिसके पास स्वयं का वाहन हो, डोर टू डोर लक्ष्य प्राप्त करने वाले इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।

Resume Whatsapp करें
8370049468, 9098324969
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं - cir.haribhoomi@gmail.com
कार्य का समय - सुबह - 8 बजे से 1 बजे तक, शाम 4 बजे से 6 बजे तक

हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय : बठेना हॉस्पिटल के सामने, धमतरी
मो. 9826114710

कार्यालय धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर (छत्तीसगढ़)

### खबर संक्षेप



## अमलीडीह में संगीतमय श्रीमद् भागवत 20 से

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम अमलीडीह में राधारानी महिला समूह एवं ग्रामवासियों के सहयोग से संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 20 से 28 दिसंबर तक किया जा रहा है। कथावाचिका रेणुका गोस्वामी होंगी। 20 दिसंबर शनिवार को कलश यात्रा, वेदी पूजा, गोकर्ण उत्थान, 21 को सुखदेव जन्म, परीक्षित जन्म, 22 को सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, 23 को भरत चरित्र, प्रहलाद चरित्र, 24 को गजेंद्र मोक्ष, वामन चरित्र, राम कथा, कृष्ण जन्म, 25 को बाल लीला, माखन चोरी, गोवर्धन लीला, 26 को कंस वध, कृष्ण रुक्मणि विवाह, 27 को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, 28 को गीता पाठ, तुलसी वर्षा, हवन होगा। कार्यक्रम में राधा रानी महिला समूह अध्यक्ष निराशा बाई यादव, उपाध्यक्ष हेमा साहू, सचिव तिलेश्वरी साहू, सचिव नीतू साहू, कोषाध्यक्ष दामिनी साहू, संरक्षक प्रेमवती केसरी, प्रीतम, नीलेश्वरी, रुक्मणि का योगदान रहा।



## अब विशेष गहन परीक्षण 18 तक किया जाएगा

**कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पूर्व में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियों में संशोधन किया, जिसके तहत गणना पत्रक प्राप्त करने की तिथि 11 दिसम्बर से बढ़ाकर 18 दिसम्बर 2025 किया गया है। इसी प्रकार मतदाता सूची का प्रारंभिक (प्रारूप) प्रकाशन 16 दिसम्बर के स्थान पर 23 दिसम्बर तथा 14 फरवरी के स्थान पर समयावधि बढ़ाते हुए 21 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। दावा आपत्तियां प्राप्त करने की तिथि 23 दिसम्बर से 22 जनवरी तक निर्धारित किया गया है।

### निधन

#### रेवती बाई साहू

**धमतरी।** ग्राम परसुली की 90 वर्षीय रेवती बाई साहू का निधन हो गया। वे गोपाल, विष्णु साहू की मां व चैनसिंग, टिकेश्वर साहू की दादी थीं। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के शांतिघाट में किया गया।



#### बसंताबाई साहू

**कुरुद।** ग्राम जोरातराई (सिलौटी) निवासी श्रीमती बसंता बाई साहू का 90 वर्ष की दीर्घायु में शुक्रवार शाम को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज सुबह गांव के मुक्तिधाम में किया जायेगा। वे रेखराम साहू की मां व हेमलाल साहू की भाभी थीं।



#### असाड़िन बाई लाहौरिया

**नगरी।** सांकरा रोड नगरी निवासी असाड़िन बाई लाहौरिया का आकस्मिक निधन 11 दिसंबर गुरुवार को हो गया। अंतिम संस्कार जबर्रा रोड वन डिपो के पास मुक्तिधाम में हुआ। वे गोपीकृष्ण लाहौरिया की मां तथा शैलेन्द्र लाहौरिया की दादी थीं।



#### राजकुमार साहू

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम सेनचुवा निवासी राजकुमार साहू 52 वर्ष का आकस्मिक निधन 11 दिसम्बर गुरूवार को हो गया। वे झामेश्वरी साहू के पति, जागेश्वर साहू के भाई एवं कामेन्द्र साहू के पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम सेनचुवा के शांतिघाट में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



### आधुनिक तकनीक के साथ सुपर फूड मखाना की खेती का विस्तार, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगा नया आधार

# धमतरी में 'काला हीरा' मखाना खेती की शुरुआत

- महिला स्वसहायता समूहों के लिए आजीविका का नया भविष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धान उत्पादन के लिए प्रसिद्ध धमतरी जिला अब एक नई दिशा की ओर बढ़ रहा है। परंपरागत फसलों के साथ यहां अब सुपर फूड के रूप में प्रसिद्ध मखाना, जिसे काला हीरा भी कहा जाता है, अपनी मजबूत पहचान स्थापित कर रहा है। पोषण, स्वास्थ्य और बाजार मूल्य पर श्रेष्ठ माने जाने वाले मखाने की खेती को जिले में आजीविका के नए मॉडल के रूप में विकसित करने की दिशा में प्रशासन ने ठोस कदम उठाए हैं।





19 मार्च 2025 को किसान सम्मान निधि वितरण कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ को मखाना बोर्ड में शामिल करने की घोषणा की थी। इस महत्वपूर्ण घोषणा ने राज्य में मखाना उत्पादन के लिए नए अवसरों के द्वार खोल दिए। इसी को आगे बढ़ाते हुए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले में मखाना खेती को प्रोत्साहित करने और इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार बनाने का संकल्प लिया है।

इसी कड़ी में ग्राम देमार के शैलपुत्री महिला स्वसहायता समूह तथा नई किरण महिला स्वसहायता समूह ने ग्राम डांडेसरा में राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के किनारे स्थित छोटे-छोटे पोखरों में मखाना पौधरोपण कर इस नई पहल का औपचारिक शुभारंभ किया। इस दौरान

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, उप संचालक उद्यानिकी श्रीमती पूजा कंवर साहू, उप संचालक कृषि मोनेश साहू और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के प्रधान कृषि वैज्ञानिक डॉ. गजेन्द्र चंद्राकर उपस्थित थे। कलेक्टर ने मखाना खेती के लिए पोखरों को उपयुक्त बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रधान कृषि वैज्ञानिक डॉ. गजेन्द्र चंद्राकर ने महिला समूहों को मखाना उत्पादन की तकनीकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मखाना धमतरी जिले में रोजगार बढ़ाने, महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने और खेत तालाब आधारित आजीविका में विविधता लाने की अपार संभावनाएं रखता है। यह पहल न केवल धमतरी की ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाएगी, बल्कि जिले में वैकल्पिक कृषि आधारित आजीविका को नया आयाम भी प्रदान करेगी। मखाने जैसी उच्च मूल्य वाली फसल का स्थानीय स्तर पर उत्पादन जिले के किसानों और महिला समूहों के लिए आर्थिक क्रांति साबित हो सकता है।

## मोहंदी सोसाइटी में धान का उठाव नहीं, 27750.80 क्विंटल धान जाम

- एक दो दिन में उठाव नहीं होने से बंद करनी पड़ सकती है खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

छत्तीसगढ़ में 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो चुकी है। सोसाइटियों से धान का परिवहन न होने से धान खरीदी केन्द्रों में जाम की स्थिति निर्मित हो गई है। मगरलोड विकासखंड के सभी धान खरीदी केन्द्रों में फड़ में धान जाम हो गया है। मोहंदी सोसाइटी में धान रखने की जगह नहीं बची है।





मोहंदी सोसाइटी समिति प्रबंधक गोपाल राम साहू ने बताया कि सोसाइटी अंतर्गत राजपुर, सरगी, केंवराडीह, धनबुड़ा, जामली, मोहंदी, बेलोरा, सौनपैरी, बनियातोरा गांव आते हैं। 15 नवंबर से लेकर 11 दिसंबर की स्थिति में 27750.80 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। जिसमें मोटा धान 10033.60 क्विंटल, पतला 7011.60 क्विंटल तथा सरना 10705.60 क्विंटल की खरीदी हो चुकी है। 598 किसानों ने 65881877.20 रूपये का धान बेचा है। किसानों से 18346087.20 रूपये ऋण वसूली की गई है। 47535790 रूपये किसानों के खाते में ऑनलाइन भुगतान किया जा चुका है। सोसाइटी प्राधिकृत अधिकारी जनकलाल साहू ने बताया कि खरीदी केंद्र में धान का उठाव नहीं होने से धान जाम हो चुका है। अगर एक दो दिन में धान का उठाव नहीं होता है तो खरीदी बंद करनी पड़ सकती है।

## भुसरेंगा में हुआ मितानिनों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭बगदेही(धमतरी)

कुरुद ब्लॉक के ग्राम पंचायत भुसरेंगा में श्रीफल और शाल भेंटकर मितानिनों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती ललिता साहू, सचिव तामेश्वर साहू, पंच विजय कुमार साहू, उर्वशी निर्मलकर, लक्ष्मी पटेल, चुमेश्वरी कंवर, रोजगार सहायक विष्णु ध्रुव, ऑपरेटर ललित दीवान व भृत्य पंचदेव ध्रुव उपस्थित थे।

## मोतिमपुर में पंथी स्पर्धा 17 एवं 18 को

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

युवा मित्र मंडल, सतनामी समाज व ग्रामवासियों के सहयोग से मोतिमपुर में 17, 18 दिसंबर को पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रथम दिन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू होंगे। अति विशिष्ट अतिथि जिपं सभापति मीना साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्याम साहू, सरपंच खिलेश्वरी हेमलाल साहू होंगे। अध्यक्षता जिला सतनामी समाज संगठन मंत्री हरिशंकर सोनवानी करेंगी। जनपद सभापति सरिता रंजीत कश्यप, सभापति राजेश साहू, कल्याण सिंह राजपूत, रामआसरू, होरीलाल साहू, चुम्मन साहू, रामकुमार कुड़ी, तोरण आणेश्वरी, मेमदास घृतलहरे, भागेश्वर भी मौजूद थे।



प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 6001 रुपए, द्वितीय 4001 रुपए, तृतीय 2001 रुपए व महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 3001 रूपए, तृतीय पुरस्कार 2001 रूपए नगद एवं शील्ड प्रदान किया जाएगा।

द्वितीय दिवस 18 दिसंबर को मुख्य अतिथि जिपं सभापति मीना साहू होंगी। अति विशिष्ट अतिथि रेमन घृतलहरे, नूतन घृतलहरे, उत्तम घृतलहरे होंगे। अध्यक्षता चंद्रकला बंजारे, खिलेश्वरी हेमलाल साहू करेंगी। विशिष्ट अतिथि जनपद सभापति सरिता कश्यप, चुम्मन साहू, रामप्रसाद, चंद्रहास, डॉ डोमेश, श्रीराम होंगे। मंच संचालन जगन्नाथ महिलवार, नटवर बंजारे, रेमन घृतलहरे, निर्मल घृतलहरे करेंगे। 18 दिसंबर को घासीदास जयंती पर दोपहर 12 बजे रागिनी लोककला मंच एवं कुर्रा रांवा का पंथी कार्यक्रम होगा।

## मानवाधिकार दिवस पर पीजी कालेज के स्वयंसेवकों ने बनाई मानव श्रृंखला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार पाठक के निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी आकांक्षा मरकाम के मार्गदर्शन में मानवाधिकार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम अधिकारी आकांक्षा मरकाम ने कहा कि मानवाधिकार हमारे समाज के ढांचे की रीढ़ है, जहां हममें से प्रत्येक को -बिना किसी भेदभाव के शांति और सुरक्षा के साथ रहने और फलने-फूलने का अधिकार है। स्वयंसेवकों ने विभिन्न नारे लगाते हुए मानव श्रृंखला बनाई। स्वयंसेवकों ने यह प्रण भी किया कि वे सदैव मानव अधिकारों की रक्षा करेंगे एवं उसकी रक्षा हेतु सदा समर्पित रहेंगे।




इस दौरान रासेयो वरिष्ठ स्वयंसेवक संदीप, खुशी साहू, महिमा, गौरा पाण्डेय, क्षमता, कुलदीप, दामिनी साहू, आशीष, ओमेंद्र, दिव्या महार, नरेंद्र, साहिला समेत महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थी उपस्थित थे।

## कोसमर्रा स्कूल पहुंचे कलेक्टर मिश्रा ने की छात्रों से चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा शुक्रवार की दोपहर अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा पहुंचे। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से परीक्षा, पढ़ाई, साइकिल वितरण, छात्रवृत्ति आदि की जानकारी ली। विद्यार्थियों ने कहा कि विद्यालय में सुबह शाम विशेष कक्षाएं लगती हैं। कलेक्टर ने विद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों के साथ फोटो खिंचवाई। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, उद्यानिकी अधिकारी, कृषि अधिकारी, प्राचार्य दोमन लाल साहू, व्याख्याता बालकृष्ण साहू, नरेश कुमार, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## बिना भय और लालच के करें मतदान




हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्राचार्य डॉ प्रभा वेरुलकर के निर्देशन में स्वीप नोडल अधिकारी डॉक्टर यशोदा साहू के साथ मिलकर कैंपस एंबेसडर यामिनी साहू एवं वीरेंद्र ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 की जानकारी दी। मगरलोड में स्थित कृषि उपज मंडी में किसानों, श्रमिकों के बीच में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान बताया गया कि मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाएं। अपना वोटर आईडी कार्ड बनवाएं। लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपना योगदान दें। बिना भय और लालच के निष्पक्ष मतदान करें।

## शहीद वीरनारायण सिंह ने गरीबों के हित में कई साहसपूर्ण निर्णय लिए

- सांकरा में सर्व आदिवासी समाज ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और आदिवासी समाज के गौरव शहीद वीर नारायण सिंह की 167वीं पुण्यतिथि पर ग्राम सांकरा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा थे। अध्यक्षता सर्व आदिवासी समाज जोन सांकरा के अध्यक्ष विशाल राम ध्रुव ने की।

विशिष्ट अतिथि सर्व आदिवासी समाज तहसील नगरी के अध्यक्ष उमेश देव, नगरी पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा तथा विशेष अतिथि सरपंच नागेन्द्र बोरझा थे। साथ ही जनपद पंचायत सदस्य प्रेमलता नागवंशी, शशि ध्रुव, राजेशनाथ गोसाई, ग्रामसभा अध्यक्ष सत्ती मरकाम, संरक्षक प्रयाग चंद बिसेन, एमआर चनाप सहित विभिन्न समाजों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। ध्रुव गोंड़ समाज उप सांकरा के अध्यक्ष चिंतामणि मरकाम, हल्बा समाज 32 गढ़ के अध्यक्ष जीवनलाल नाग, उप सांकरा हल्बा समाज के टेमन कश्यप, गोंडवाना समाज उप छिंदीटोला के उमेश मरकाम, कमार समाज सिहावा क्षेत्र के गणपत नेताम, गो.स. महामाया फरसियां, आजासे सहकारी संघ सांकरा के अध्यक्ष गिरवर भंडारी तथा पूर्व जनपद सदस्य सुलोचना साहू भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।





मुख्य अतिथि अरुण सार्वा ने कहा कि जंगल जहां है, वहां आदिवासी समाज का अस्तित्व है। जल, जंगल, जमीन का संरक्षण हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए अनिवार्य है। शहीद वीर नारायण सिंह ने गरीबों के हित में साहसपूर्ण निर्णय लिए। अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों ने शहीद वीरनारायण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान ग्रामीणों ने शहीद वीर नारायण सिंह चौक के सौन्दर्यीकरण की मांग रखी गई, जिस पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने जल्द ही कार्य पूरा कराने का आश्वासन दिया।

## रस्साकसी में दर्रा स्कूल ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭बगदेही(धमतरी)

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिलास्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता 9 दिसंबर को धमतरी में हुई जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दर्रा की बालिकाओं ने 9 से 18 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। फाइनल में धमतरी विकासखंड को 2-1 से हराया। खिलाड़ी तृप्ति साहू, पूनम साहू, सिमरन साहू, गीतिका साहू, देविका साहू, रूपाली साहू, दुर्गेश साहू, गरिमा साहू ने अपनी प्रतिभा दिखाई।



विद्यालय के प्राचार्य भानुराम रात्रे ने कहा कि निरंतर मेहनत करने से ही हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। राजकुमार साहू व्यायाम शिक्षक ने बताया कि बालिका एवं महिला खिलाड़ियों को खेल के प्रति उत्साहित करने यह आयोजन किया गया। इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सीके साहू, जिला खेल अधिकारी शकीला देवदास, सहायक जिला खेल अधिकारी जेपी देव, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष गिरवर साहू, दर्रा सरपंच विजय रात्रे, जनपद सदस्य मनीषा साहू, डेरहूराम साहू, नरसिंहनाथ साहू, नीलकमल साहू, दीनबंधु चंद्राकर, लोकेश्वर चेलक, गजेंद्रसिंह राजपूत, सुरेंद्र साहू, पुष्पेंद्र साहू, संकुल समन्वयक गुमान साहू ने हर्ष व्यक्त किया।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन मंगाए गए

**धमतरी।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन और फील्ड टेक्नीशियन (एयर कंडीशनर) का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि असिस्टेंड इलेक्ट्रिशियन के लिए 10 वीं पास और फील्ड टेक्नीशियन में प्रशिक्षण लेने के लिए 12 वीं पास युवा 20 दिसम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 से 45 वर्ष तक होनी चाहिए।

### कोलियारी के संकरे मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही रोकने की मांग



- भाजयुमो मंडल भखारा के सदस्य ने अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**धमतरी।** भाजयुमो मंडल भखारा के सदस्य एवं पूर्व विधायक प्रतिनिधि कुमेश साहू ने ग्राम कोलियारी में बढ़ते दुर्घटना-खतरे को देखते हुए अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर संकरे मार्ग से भारी वाहनों विशेषकर हाइवा ट्रकों के आवागमन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। उन्होंने बताया कि भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। अब तक लगभग 50 गौमाताओं की मृत्यु हो चुकी है, जबकि चार बार भारी वाहन घरों में घुस चुके हैं, जिससे जनहानि की आशंका और बढ़ गई है। श्री साहू ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि संकरी सड़क के समीप चार शैक्षणिक संस्थान स्थित होने से प्रतिदिन बच्चों की सुरक्षा खतरे में रहती है। ग्रामीणों ने पूर्व में चक्काजाम कर विरोध दर्ज कराया था, लेकिन प्रशासन द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद भी अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने मांग की कि संकरी सड़क पर भारी वाहनों के प्रवेश पर तुरंत रोक लगाई जाए, भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किया जाए, स्कूलों के पास स्पीड ब्रेकर, सुरक्षा बैरियर और चेतावनी संकेतक लगाए जाएं तथा ग्रामीणों द्वारा पूर्व में दिए गए आवेदन का शीघ्र निराकरण किया जाए। श्री साहू ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन समय रहते आवश्यक कार्रवाई नहीं करता है, तो ग्रामीण उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

### अब तक 40,874 किसानों से 19 लाख क्विंटल धान की खरीदी

- जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन कार्य सुचारू रूप से जारी

**धमतरी।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन कार्य सुचारू रूप से जारी है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन में इस वर्ष धान खरीदी व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी एवं सुविधाजनक बनाया गया है। जिले की कुल 74 प्राथमिक सहकारी समितियों में अब तक 1,29,188 किसानों के 1,25,76.91 हेक्टेयर रकबे का पंजीयन किया गया है। 15 नवंबर 2025 से आरंभ उपार्जन प्रक्रिया के तहत अब तक 40,874 किसानों से 19,03,630 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, जिसका कुल मूल्य 451.50 करोड़ रुपये है। किसानों को त्वरित भुगतान सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। 15 दिसंबर के लिए 3,035 किसानों को 13,806.62 क्विंटल धान विक्रय हेतु टोकन जारी किए गए हैं। समितियों में सुव्यवस्थित परिवहन, ट्रॉली पार्किंग, तौल मशीनों की उपलब्धता एवं बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा सुनिश्चित कराई गई है ताकि किसानों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी खरीदी केंद्रों में रजिस्ट्रेशन से लेकर भुगतान तक की प्रक्रिया पारदर्शी रहे तथा प्रतिदिन की प्रगति की समीक्षा अनिवार्य रूप से की जाए।

न्यू उड़ान जनसेवा फाउंडेशन ने आयोजित किया बहुआयामी कार्यक्रम

# महिलाओं में जागी आत्मविश्वास की नई किरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी







अग्रसेन भवन में न्यू उड़ान जनसेवा फाउंडेशन द्वारा एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। फाउंडेशन की अध्यक्ष उषा शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस समारोह में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यक उपकरण एवं सहायता प्रदान की गई। कार्यक्रम में प्रसिद्धि अभिनेत्री एवं क्लासिकल डांसर सुधाचन्द्रन की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम में सिलाई मशीन, हेयर ड्रायर, वैक्स हीटर, थ्रेडिंग चेयर आदि सामग्री उपहार स्वरूप वितरित की गई। साथ ही आधुनिक तकनीक, करियर निर्माण एवं उद्यमिता से संबंधित ज्ञान प्रदान करने नियमित गोष्ठी, कार्यशाला और विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। मिस कैटेगरी में प्रथम उर्वशी साहू बलौदाबाजार, द्वितीय गणिता विश्वकर्मा चारामा कांकेर, तृतीय मनीषा वर्मा चारामा कांकेर, मिसेस कैटेगरी में प्रथम सावित्री निषाद राजनांदगांव, द्वितीय हेमलता सोनी कोरर कांकेर, तृतीय मनीषा वर्मा चारामा कांकेर रही।

बाल प्रस्तुति में चार वर्षीय नन्ही प्रतिभा आव्या श्रीवास्तव ने सभी को प्रभावित किया। ब्राइडल प्रतियोगिता में प्रथम पायल मधु नारायणपुर, द्वितीय रिया रॉय नारायणपुर, तृतीय राखी सिंह कोरबा रही।

अन्य गतिविधियों में उन्नत केश डिग्री गोष्ठी, व्यवसाय पुरस्कार शो, ब्यूटी स्टार आर्टिस्ट, ब्राइडल प्रतियोगिता, फैशन शो आदि आयोजित हुए। सहयोगी के रूप में सुभाष मलिक, विक्की रत्नानी, क्षमा बंजारे, बिन्नू कलवानी, चंद्रकांति, अनीता ध्रुव, मीनाक्षी, शांति यादव, नेहा साहू, माया धीवर, निशा मसीह, अंजलि ध्रुव, अर्चना जाधव, शीला महंत, योगिता धीवर ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। धमतरीवासियों के उत्साह को देखते हुए मेकअप, केश, नेल्स सेमिनार, मास्टर कार्यशाला, पुरस्कार समारोह, ब्राइडल प्रतियोगिता, फैशन शो का निरंतर आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन ने महिलाओं में आत्मविश्वास की नई किरण जगाई गई। फाउंडेशन की अध्यक्ष उषा शर्मा ने कहा कि सही संसाधन और मार्गदर्शन मिलने पर महिलाएं न केवल आत्मनिर्भर बनती हैं, बल्कि समाज में आत्मविश्वास के साथ अपनी पहचान भी स्थापित करती हैं।

## पावरलिफ्टिंग, बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा में शामिल होने खिलाड़ी रवाना



**धमतरी।** राजनांदगांव में आयोजित 11 वीं राज्यस्तरीय पावरलिफ्टिंग एवं बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा में शामिल होने के लिए खिलाड़ी रवाना हुए। महापौर रामू रोहरा ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

## फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर

**धमतरी।** रबी वर्ष 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत फसलों के बीमा हेतु अधिसूचना छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी कर दी गई है। किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से संरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से गेहूं (सिंचित, असिंचित), चना, राई-सरसों एवं अलसी को इस योजना के तहत शामिल किया गया है। बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 निर्धारित है। उप संचालक कृषि ने सभी किसानों से अधिक से अधिक फसल बीमा कराने का आग्रह किया है, ताकि फसल क्षति की स्थिति में उन्हें उचित मुआवजा प्राप्त हो सके।

विधायक ओंकार व कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती तारिणी ने किया भूमिपूजन

# डुबान क्षेत्रवासियों को मिली विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



विधानसभा क्षेत्र के अरौद डुबान में आयोजित मड़ई मेला के अवसर पर विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन विधायक ओंकार साहू के मुख्य आतिथ्य व कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती तारिणी चन्द्राकर की अध्यक्षता में हुआ। ग्राम उरपुटी में निषाद समाज सामुदायिक भवन तथा शासकीय माध्यमिक शाला परिसर में चबूतरा निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ।ग्राम पटौद में सामुदायिक भवन के जीर्णोद्धार कार्य के लिए भूमिपूजन किया गया।

विधायक ओंकार साहू ने कहा कि धमतरी विधानसभा के डुबान क्षेत्र के विकास के लिए हमारी प्रतिबद्धता निरंतर मजबूत हो रही है। हम हर ग्राम में ऐसी सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहे हैं, जो लोगों के जीवन को सरल और बेहतर बनाएं। आगे कहा कि भाजपा सरकार की लापरवाह नीतियों के कारण किसान, युवा और आमजन परेशान है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती तारिणी चन्द्राकर ने कहा कि महासमुंद जिले में बागबाहरा क्षेत्र के एक किसान ने कई दिनों से धान खरीदी टोकन न मिलने से परेशान होकर ब्लेड से अपना गला काट लिया। यह निश्चित ही भाजपा की विष्णु देव सरकार के लिए करारा तमाचा है। मौके पर तानाजीराव रणसिंह जोन अध्यक्ष, श्रीमती संगीता नेताम सरपंच, जयंत नेताम जनपद सदस्य, अम्बिका सिन्हा, मणिराम तारम, जोहन नेताम, सहदेव नेताम, पंचुराम निषाद, झुमुक निषाद, पवन निषाद समेत बड़ी संख्या में डुबानवासी उपस्थित थे।

## डाटा प्रोसेसिंग एवं एनालिसिस पर हुआ व्याख्यान

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग में प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक के निर्देशन एवं डॉ. डीआर टंडन समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष की अध्यक्षता में अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका विषय डाटा प्रोसेसिंग एवं एनालिसिस था। मुख्य वक्ता डॉ. मीना पाठक विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र शासकीय कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय देवेन्द्र नगर रायपुर ने सामाजिक अनुसंधान के महत्व पर व्याख्यान दिया साथ ही अनुसंधान के लिए निर्देशन, डाटा संग्रहण, उपकल्पना, साक्षात्कार, अनुसूची और प्रश्नावली का सामाजिक अनुसंधान में उपयोगिता पर अपने विचार रखे। डॉ. डीआर टंडन ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ. निधि सिंग अतिथि व्याख्याता एवं गौरीशंकर बघेल, आवनी यादव का सहयोग रहा।

# 48 खाद्य नमूनों की ऑनस्पॉट टेस्टिंग, 43 नमूने मानक व 5 नमूने अवमानक पाए गए

- कलेक्टर के निर्देश पर स्ट्रीट फूड वेंडर्स का अधिकारियों ने किया सघन निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जिला खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा शहर में संचालित स्ट्रीट फूड वेंडर्स का व्यापक निरीक्षण किया गया। रायपुर संभाग मुख्यालय से मंगी गई चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से खाद्य सुरक्षा अधिकारी फणेश्वर पिथौरा ने मौके पर खाद्य पदार्थों की जांच की।

निरीक्षण के दौरान लगभग 48 खाद्य नमूनों की ऑन स्पॉट टेस्टिंग की गई, जिनमें से 43 नमूने मानक पाए गए जबकि 5 नमूने अवमानक पाए गए। अवमानक पाए गए खाद्य पदार्थों में आलू बोंडा, पकौड़ा, आलू मसाला शामिल थे, जिनमें डस्ट व अत्यधिक खाद्य रंग पाया गया। सभी अवमानक खाद्य पदार्थों को मौके पर नष्ट कराया गया।

खाद्य सुरक्षा टीम ने वेंडर्स को खाद्य पदार्थों को नियंत्रित तापमान में संधारित करने, परोसने में अखबारी कागज का उपयोग न करने, व्यक्तिगत व आसपास की स्वच्छता सुनिश्चित, खाद्य निर्माण में ताज़ी सामग्री का उपयोग करने के निर्देश दिए।

अभिहित अधिकारी सर्वेश कुमार यादव ने बताया कि प्रशासन अलर्ट मोड में है तथा आने वाले दिनों में चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा लगातार जांच जारी रहेगी। उन्होंने सभी स्ट्रीट फूड संचालकों को एक माह के भीतर फोस्टेक प्रशिक्षण लेकर प्रमाण पत्र प्राप्त करने के निर्देश भी दिए, ताकि खाद्य सुरक्षा के प्रति सामाजिक एवं व्यावहारिक परिवर्तन लाया जा सके।

## स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ की ब्लॉक कार्यकारिणी गठित



हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ कुरूद की नई ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन हुआ। अध्यक्ष जानेश्वरी बंजारे को बनाया गया। उपाध्यक्ष अजय चक्रधारी, अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ मीनाक्षी पटेल, उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, पुष्पलता साहू, सचिव छगन साहू, कोषाध्यक्ष गीतेश साहू , महामंत्री अमर लाल जांगड़े, सहसचिव सीमा पटेल, प्रवक्ता तरुण कुमार साहू, मीडिया प्रभारी भेदन साहू, प्रचार-प्रसार मंत्री राकेश कुमार भारती बनाए गए। कार्यकारिणी सदस्यों में परमेश्वर साहू, मंजीता नाग, रेखा साहू, सेवती साहू, संरक्षक डीएस ध्रुव, डी चंद्राकर, सत्यभामा नेताम, आनंद मार्कण्डेय, सलाहकार राधा साहू , मयाराम साहू शामिल हैं।

इस अवसर पर आनंद मार्कण्डेय, नरेंद्र कुमार साहू, चित्रसेन साहू, यादोराम साहू, नमिता महतो, सुनीता कोसरे, निर्मला साहू, मंजू साहू, धनेश्वरी चंद्राकर, टिकेश्वरी दिवान, भुनेश्वरी ध्रुव, मुकेश पटेल, भरत लाल साहू, इंदिरा तोड़कर, शेखन मैत्रेय उपस्थित थे।

# पट्टा है, पर पक्का घर नहीं

- धमतरी के सैकड़ों परिवार 10 साल से पीएम आवास से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर की आबादी डेढ़ लाख के करीब पहुंच चुकी है, लेकिन स्लम एरिया और गरीब बस्तियों में रहने वाले कई परिवार आज भी प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित हैं। नगर निगम का नजूल पट्टा होने के बावजूद पिछले 10–15 वर्षों से पक्का मकान न मिलना इन परिवारों की सबसे बड़ी समस्या बन गया है। न तो अधिकारियों की फाइलें आगे बढ़ रहीं, न ही सर्वे लिस्ट की गड़बड़ियां दूर हो रही हैं।

शहर के नीलू बाई, सुचिता टंडन रामकुमार चेलक, कौशल्या मंडावी, अनुसुइया बाई उइके, रामाधार पटेल, संतराम और चंद्रहास ध्रुव सहित कई परिवारों ने बताया कि वे 50-60 वर्षों से धमतरी में रह रहे हैं तथा उनके पास 10-15 सालों से नजूल पट्टा भी है। फिर भी उन्हें पीएम आवास योजना का लाभ इसीलिए नहीं मिल पाया क्योंकि 2011 की गरीबी रजिस्ट्री में उनका नाम शामिल नहीं था। अब 2024 में नाम जुड़ने के बाद भी प्रक्रिया की धीमी रफ्तार के कारण वे पक्का घर मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

कई लोगों का कहना है कि फार्म भरने, दस्तावेज जमा करने और निगम के दफ्तरों के लगातार चक्कर लगाने के बावजूद कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिलता। आश कुमार साहू और सुखबती साहू जैसे पट्टाधारी परिवार 30-40 साल से कवेलूयुक्त जर्जर घरों में रहने को मजबूर हैं। वे दो-दो बार आवेदन भर चुके हैं, लेकिन योजना का लाभ अब तक नहीं मिला।

स्थानीय पार्षदों का कहना है कि कई मामलों में कागजी त्रुटियां, नामांतरण की कमी और पुराने सर्वे का अभाव सबसे बड़ी बाधा है। वहीं कुछ लोगों को नजूल पट्टा रहते हुए भी बार-बार दस्तावेज सुधार के लिए दौड़ाया जा रहा है, जिससे गरीब परिवार और अधिक परेशान हो रहे हैं।

इस संबंध में नगर निगम के महापौर रामू रोहरा ने कहा कि शहर के सभी पात्र परिवारों को आवास योजना का लाभ दिलाना निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि

यह गरीबों की सरकार है। किसी भी परिवार के साथ अन्याय नहीं होगा। जो भी परिवार पीएम आवास से वंचित हैं, उनका दोबारा सर्वे कराकर योजना में जोड़ा जाएगा।

लंबे समय से पक्के घर की प्रतीक्षा कर रहे इन परिवारों को अब महापौर के आश्वासन से उम्मीद बंधी है कि वर्षों से अटकी प्रक्रिया जल्द ही पूरी होगी और उन्हें भी सुरक्षित रहने की सुविधा मिल सकेगी।

## नहर-नाली विस्तार कार्य की निगरानी के लिए कोर कमेटी गठित



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

डोंगरडुला, परसापानी, राजपुर, गट्टासिल्ली और दुगली क्षेत्र के किसानों की महत्वपूर्ण बैठक बांधा के बाजार स्थल पर किसान मजदूर संघर्ष समिति के बैनर तले हुई। बैठक में किसानों ने क्षेत्र में प्रस्तावित नहर एवं नाली के विस्तार निर्माण कार्यों पर गंभीर चर्चा की। समिति द्वारा सर्वसम्मति से एक कोर कमेटी का गठन किया गया, जो निर्माण कार्यों की नियमित रूप से निगरानी करेगी तथा सिंचाई विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए यह सुनिश्चित करेगी कि कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए और समय पर गुणवत्तापूर्वक पूरा किया जाए।

बैठक में गौतम मरकाम, मानक साहू, नरसिंह मरकाम, डेविड ठाकुर, शिवकुमार परिहार, नंदू साहू, मन्नू नेताम, पुष्पा मंडावी, फुलेश्वरी, रमेश मंडावी, रुपेन्द्र कुमार, नारायण मरकाम, नारायण वट्टी, राजाराम मंडावी, शत्रुधन, साक्षी अनुप वट्टी, राकेश मरकाम, सुकलाल परदे, दिलीप मरकाम, दिनेश साहू, धीरसिंह, अमृत मरकाम सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। बैठक में किसानों ने नहर-नाली विस्तार कार्य शीघ्र पूर्ण होने की उम्मीद जताई।

# सुंदरगंज मेनोनाइट चर्च की 125वीं वर्षगांठ पर आज व कल होंगे कार्यक्रम

- चर्च के इतिहास के साथ स्मारिका विमोचन और पौधरोपण कार्यक्रम होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर का ऐतिहासिक सुंदरगंज मेनोनाइट चर्च इस वर्ष अपनी स्थापना के 125 वर्ष पूरे कर रहा है। इस अवसर पर 13 और 14 दिसंबर को समारोह आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ 13 दिसंबर को पंजीयन के बाद रेव्ह. आशीष मिलाप की प्रारंभिक प्रार्थना से होगा। जुबली क्वायर द्वारा उद्देश्य गीत प्रस्तुत किया जाएगा, वहीं सुंदरगंज मेनोनाइट चर्च का संक्षिप्त इतिहास रेव्ह. दीपक मसीह, रेव्ह. पीके सिंह, सोमिल मार्क और श्रीमती नीता सालोमन द्वारा साझा किया जाएगा। इसी कड़ी में स्मारिका विमोचन और पौधरोपण कार्यक्रम होगा। आयोजित सत्र में डॉ. नीरज नेताम अगुवाई करेंगे। इस दौरान जुबली क्वायर का स्तुति-गान होगा तथा मूल्यांकन और भविष्य की दिशा विषय पर सेवक एस.सी. ख्रिस्टी एवं सेवक अनिल राघवा अपने विचार रखेंगे। चर्च में सेवा दे चुके पूर्व सेवकों, पासवानों और वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान होगा। समारोह का संचालन श्रीमती थेलमा महतो और स्वागत समिति करेगी। संध्याकालीन आराधना की अगुवाई सेविका अर्चना नेताम करेंगी। शाम को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। युवा, बच्चे और महिलाएं नृत्य, गीत एवं लघु नाटिकाओं की प्रस्तुति देंगी। आकर्षक आतिशबाजी भी रखी गई है।



## खबर संक्षेप

### अधिवक्ता पर हमला न्यायिक व्यवस्था पर प्रहार : शत्रुहन सिंह



**धमतरी।** स्टेट बार काउंसिल सदस्य अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू ने फरसाबहार (जशपुर) में अधिवक्ता चुन्नूराम चौहान पर हुए हमले को न्यायिक व्यवस्था पर सीधा प्रहार बताया है। उन्होंने कहा कि पेशी पर आए युवक आयुष चौधरी ने बहस के दौरान टेबल पर रखा नुकीला सूआ उठाकर सिर और आंख के पास वार किया। सहयोगी अधिवक्ताओं ने आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। श्री साहू ने आरोपी पर बीएनएस की साधारण धाराएं लगाने पर कड़ी आपत्ति जताई और इसे जानलेवा प्रकृति का गंभीर अपराध बताया। उन्होंने राज्य के गृहमंत्री को ईमेल से पत्र भेजकर कठोर धाराएं जोड़ने, निष्पक्ष जांच और कोर्ट परिसरों की सुरक्षा मजबूत करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि कड़ी कार्रवाई न होने पर अधिवक्ता समाज आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

### गाड़ाडीह में श्रीमद् भागवत महापुराण 22 से



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम गाड़ाडीह में श्री राममानस मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 22 से 30 दिसंबर तक किया जा रहा है। कथावाचक पंडित युगल कृष्ण महाराज उमरिया बेमेतरा होंगे। 22 दिसंबर को मंगल कलश यात्रा, गोकर्ण, 23 को महाभारत प्रसंग, परीक्षित जन्म, 24 को सृष्टि वर्णन, ध्रुव प्रसंग, 25 को प्रहलाद चरित्र, 26 को वामन अवतार, रामकृष्ण जन्म, 27 को माखन चोरी, गोवर्धन लीला, 28 को राम प्रसंग, रुक्मणि विवाह, 29 को सुदामा चरित्र, 30 को गीता प्रवचन, तुलसी वर्षा व हवन होगा। यह आयोजन रोजाना दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। यह जानकारी युगलकिशोर सिन्हा ने दी।

### आज पहुंचेगी लोकल फॉर वोकल की संकल्प यात्रा



- महापौर करेंगे शुभारंभ व्यापार जगत में उत्साह

**धमतरी।** व्यापार को सशक्त बनाने और लोकल फॉर वोकल अभियान को गति देने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से देशभर में कैट द्वारा संकल्प रथ यात्रा निकाली जा रही है। यह यात्रा 13 दिसंबर शनिवार को दोपहर 2.30 बजे धमतरी के मकई चौक पहुंचेगी। रथ यात्रा का उद्घाटन नगर निगम के प्रथम नागरिक महापौर रामू रोहरा, वरिष्ठ व्यापारीगण तथा कैट जिला अध्यक्ष महेश जसूजा संयुक्त रूप से करेंगे। कैट जिला अध्यक्ष महेश जसूजा ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना, छोटे व्यापारियों को प्रोत्साहन देना और स्वदेशी उद्योगों को सशक्त बनाना है। रथ यात्रा मकई चौक से सदरबाजार तक भव्य स्वागत के साथ चलेगी, जहां व्यापारियों द्वारा जगह-जगह स्वागत किया जायेगा।

## आधुनिक तकनीक से लैस 500 सीटर परिसर जल्द बनेगा : महापौर

# युवाओं को है नालंदा परिसर का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



हटकेशर में प्रस्तावित नालंदा लाइब्रेरी का सपना अब हकीकत बनने की ओर बढ़ रहा है। शहर के युवा वर्ग विशेषकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे छात्र-छात्राओं के लिए यह बहुउपयोगी लाइब्रेरी एक ऐसा ज्ञान केंद्र होगी, जिसका लंबे समय से इंतजार किया जा रहा था। 250 सीटर लाइब्रेरी निर्माण को मिली तकनीकी स्वीकृति के बाद अब इसकी क्षमता बढ़ाकर 500 सीटर किए जाने का संशोधित प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य तेजी से शुरू होगा।

महापौर रामू रोहरा ने आश्वस्त किया है कि आधुनिक तकनीक से लैस यह परिसर जल्द ही धरातल पर दिखाई देगा। मुख्यमंत्री द्वारा मार्च 2025 में की गई घोषणा के बाद 16 जुलाई को 4.41 करोड़ रुपए की तकनीकी स्वीकृति मिल चुकी थी। लेकिन युवाओं की लगातार बढ़ती मांग को देखते हुए नगर निगम ने लाइब्रेरी को और अधिक विशाल एवं हाईटेक बनाने का निर्णय लिया। इसके लिए अगस्त में 11.42 करोड़ रुपए का संशोधित प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। हटकेशर में चिन्हांकित जमीन का सीमांकन निगम द्वारा पहले ही पूरा कर लिया गया है, जिसके बाद निर्माण में देरी के सभी तकनीकी अवरोध लगभग दूर हो चुके हैं। वर्तमान में जिला ग्रंथालय में स्थान और संसाधनों की कमी के कारण छात्रों को परेशानी उठानी पड़ती है। 200 से अधिक युवा रोजाना तैयारी करने पहुंचते हैं, लेकिन सीटें कम पड़ जाने से कई छात्रों को कठिनाई होती है। नालंदा लाइब्रेरी बनने के बाद यह समस्या पूरी तरह समाप्त हो जाएगी और छात्रों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त, शांत और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध होगा।

### युवाओं में खासा उत्साह

नालंदा लाइब्रेरी को लेकर शहर के युवाओं में खासा उत्साह है। अनमोल वर्मा ने कहा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए शहर में हाईटेक लाइब्रेरी की अत्यंत आवश्यकता है। यहां उपलब्ध सुविधाएं हमारे लिए नया मार्ग खोलेंगी। पंकज यादव के अनुसार अभी सीटें कम होने से हमें घंटों इंतजार करना पड़ता है। 500 सीटर परिसर बनने से यह समस्या खत्म होगी। दिव्यांश दादर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की ई-बुक सुविधा मिलना हमारे लिए बड़ा अवसर है। शहर में ऐसी सुविधा पहली बार मिलेगी। सोनाली वर्मा बताती हैं कि लड़कियों के लिए सुरक्षित और शांत स्थान आवश्यक है। नालंदा लाइब्रेरी इस जरूरत को पूरा करेगी। रूपाली साहू का कहना है कि जरूरी नोट्स के लिए अभी अन्य शहरों का रुख करना पड़ता है। नई लाइब्रेरी इस परेशानी को दूर करेगी। काव्यांश साहू ने कहा कि धमतरी में पहली बार ऐसा हाईटेक परिसर बन रहा है। यह न सिर्फ हमें बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी लाभ देगा।

### हाईटेक सुविधाएं मिलेंगी

प्रस्तावित 500 सीटर नालंदा लाइब्रेरी में हाईस्पीड इंटरनेट एवं 24×7 वाईफाई, अत्याधुनिक ई-लाइब्रेरी, मल्टीमीडिया संसाधन, उन्नत कम्प्यूटर लैब, अंतरराष्ट्रीय स्तर की ई-बुक एक्सेस, शांत, सुरक्षित और सुसज्जित अध्ययन कक्ष उपलब्ध होंगे। यह परिसर न सिर्फ पीएससी, यूपीएससी, बैंकिंग व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए वरदान साबित होगा, बल्कि धमतरी के ज्ञान-वातावरण को नई दिशा देगा।

# बोलेरो की टक्कर से सेजेस के दो छात्र घायल



### चिटौद के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

स्कूल जा रहे बाइक सवार स्वामी आत्मानंद स्कूल के छात्रों को तेज रफ्तार बोलेरो ने टक्कर मार दी। घटना में दोनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों के साथी छात्र से मिली जानकारी के अनुसार समीपस्थ ग्राम चंदनबिरही थाना पुरूर निवासी केशव सोरी पिता पोषणलाल उम्र 17 वर्ष व कुलेश्वर निर्मलकर पिता कन्हैया उम्र 18 वर्ष पुरूर में स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल में कक्षा 12वीं के छात्र हैं। गुरूवार को दोनों छात्र बाइक में सवार होकर चंदनबिरही से अपने स्कूल पुरूर जाने के लिये निकले थे। बाइक नेशनल हाईवे में चिटौद मोड़ पारकर पुरूर की तरफ बढ़ रही थी। इसी दौरान बड़ा सेन्टर के आगे मंदिर के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो क्रमांक सीजी 06 जीसी 6669 के चालक ने बाइक को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। बोलेरो की ठोकर से दोनों छात्र बाइक सहित सड़क पर जा गिरे। इस घटना में छात्रों को गंभीर चोट लगी है। सूचना पर हाईवे पेट्रोलिंग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और एक घायल छात्र को अपने वाहन में व दूसरे घायल छात्र को ठोकर मारने वाले बोलेरो से उपचार के लिये जिला अस्पताल धमतरी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल छात्रों को हायर सेंटर रिफर कर दिया गया है।



### बड़ा सेंटर के कारण हो रही दुर्घटना

पुरूर व चिटौद के बीच में नेशनल हाईवे के किनारे बड़ा सेंटर संचालित है। हाईवे से गुजरने वाले राहगीर विशेषकर बाइक व कार वाले अपने वाहन को सड़क पर ही खड़ा कर बड़ा खाने चले जाते हैं। नेशनल हाईवे में खड़े वाहनों के कारण वहां से गुजरने वाले अन्य वाहनों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बेतरतीब खड़े इन वाहनों के कारण हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

# योग के महत्व और प्रचार-प्रसार पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बालोद प्रवास के दौरान गुरूवार को छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा (कैबिनेट मंत्री दर्जा) ने किसान नेता दिग्विजय सिंह कृदत्त के निवास रूद्री पहुंचे। उन्होंने कृदत्त परिवार एवं गणमान्य लोगों से मुलाकात की। इस दौरान श्री सिन्हा का सभी ने स्वागत किया। इसके बाद योग के महत्व और प्रचार-प्रसार विषय पर चर्चा हुई। इस दौरान प्रतापराव कृदत्त, शिरोमणि राव घोरपड़े, डीपेन्द्र साहू, घनश्याम साहू, विकास कृदत्त, मोहित साहू, महेश शर्मा, अनिता यादव, सुशांत कानपिल्लेवार, अमित गुप्ता, खेमलाल साहू, यश, विपिन पवार, हर्षल मोहिते, आयुष गुप्ता, आशुतोष खरे, धनंजय तिवारी उपस्थित थे।

# कागज में नाश्ते देने पर लगे रोक

- रसायन विज्ञान विशेषज्ञों ने चेताया, खाद्य विभाग को तुरंत करनी चाहिए कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नाश्ता, पकौड़ी, समोसा या गरम पराठे अखबार पर परोसने की आदत भले वर्षों पुरानी हो, लेकिन यह शरीर के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है। विशेषज्ञों का कहना है कि अखबार में उपयोग होने वाली प्रिंटिंग इंक में हानिकारक रसायन, भारी धातुएं और सॉल्वेंट्स होते हैं, जो गरम खाद्य पदार्थों में आसानी से घुलकर शरीर में चले जाते हैं। इससे लंबे समय में कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं।

रसायन शास्त्र के प्रोफेसर डॉ. अमित शर्मा बताते हैं कि अखबारी स्याही में पाए जाने वाले अरोमैटिक हाइड्रोकार्बन, पिगमेंट्स, बाइंडर्स



और लेड जैसे भारी धातु शरीर में पहुंचकर कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाते हैं। ये रसायन पाचन तंत्र में जलन, लिवर और किडनी पर दुष्प्रभाव डालते हैं तथा समय के साथ कैंसर तक का कारण बन सकते हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. एसके मंडल ने भी इस पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि अखबार पर गरम खाद्य पदार्थ रखना सीधे-सीधे विषाक्त पदार्थों को शरीर में भेजने जैसा है। लगातार सेवन से हार्मोनल असंतुलन, नसों पर प्रभाव, एलर्जी, गैस्ट्रिक इंफेक्शन, त्वचा रोग और प्रतिरक्षा तंत्र कमजोर पड़ सकता है। लोगों को तुरंत यह आदत छोड़ देनी चाहिए।

नागरिक नारायण त्रिवेदी, कमल नायक और सुमित कोठारी ने भी इस पर चिंता जताई और कहा कि बाज़ारों में आज भी कई दुकानदार अखबार पर नाश्ता परोसते हैं, जिससे आम जनता अनजाने में जोखिम उठा रही है।

विशेषज्ञों का कहना है कि यह मामला केवल जागरूकता का नहीं, बल्कि नियमन का विषय भी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों और नागरिकों ने खाद्य विभाग से यह मांग की है कि ऐसे मामलों पर तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए और दुकानों-ढाबों में अखबार पर खाद्य परोसने की प्रथा पर रोक लगाई जाए।

# बीएससी नर्सिंग तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं ने मारी बाजी


श्रद्धा धनकर


माधुरी टोडर


रीना निषाद


केशव

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग लिमतरा में बीएससी नर्सिंग कोर्स संचालित है। वार्षिक परीक्षा जुलाई में हुई। बीएससी नर्सिंग तृतीय सेमेस्टर का परिणाम पं दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा घोषित कर दिया गया है। इसमें रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग लिमतरा में अध्ययनरत बीएससी नर्सिंग तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। सभी छात्र छात्रायें प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। छात्रा श्रद्धा धनकर 77.67 प्रतिशत लेकर कक्षा में प्रथम एवं माधुरी टोडर 76.67 प्रतिशत लेकर कक्षा में द्वितीय तथा रीना निषाद 75.33 केशव 75.33 देवयानी 75.33 प्रतिशत लेकर कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं ने परीक्षा परिणाम का श्रेय अपने माता-पिता एवं संस्था के प्राचार्य प्रो. संजय लाल एवं शिक्षकों को दिया।


देवयानी

# फील्ड वेरिफिकेशन में पूर्ण सटीकता व पारदर्शिता हो : विनीत

- कलेक्टर व संचालक भू-अभिलेख ने नक्शा प्रोजेक्ट कार्य का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिले में चल रहे नक्शा प्रोजेक्ट के अंतर्गत फिजिकल वेरिफिकेशन कार्यों का निरीक्षण कलेक्टर अबिनाश मिश्रा तथा संचालक भू-अभिलेख विनित नंदनवार ने किया। यह प्रोजेक्ट नगर पालिक निगम धमतरी क्षेत्र के पांच गांव धमतरी, गोकुलपुर, सोरिदभाट, बठेना और हटकेश्वर में संचालित हो रहा है। इन क्षेत्रों के 40 वार्डों को सुव्यवस्थित प्रबंधन के लिए 12 क्लस्टर में विभाजित किया गया है, जिनमें कार्य हेतु 48 सर्वे टीमों का गठन किया गया है। प्रत्येक टीम में राजस्व निरीक्षक, पटवारी, निगम के सहायक राजस्व निरीक्षक एवं चैनमैन शामिल हैं। बेहतर निगरानी के उद्देश्य से सभी टीमों के लिए 12 दल प्रभारी नियुक्त किए गए हैं, जिनमें उपायुक्त निगम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, अधीक्षक भू-अभिलेख, निगम इंजीनियर तथा सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख सम्मिलित हैं।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा और संचालक विनित नंदनवार ने चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि नक्शा प्रोजेक्ट जिले में भू-अभिलेखों के आधुनिकीकरण का महत्वपूर्ण चरण है। उन्होंने सर्वे टीमों को निर्देशित किया कि फील्ड वेरिफिकेशन में पूर्ण सटीकता, पारदर्शिता और समयसीमा का कड़ाई से पालन किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि टीमों द्वारा प्राप्त प्रत्येक डेटा की जीपीएस आधारित सटीक मैपिंग, सही सीमांकन एवं स्थल का वास्तविक सत्यापन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान एडीएम श्रीमती इंदिरा नवीन सिंह प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख, मनोज मरकाम, उप संचालक भू-अभिलेख राकेश साहू, उपायुक्त ननि श्री सार्वा, अधीक्षक भू-अभिलेख मास्टर ट्रेनर दीपचंद भारती तथा सभी सर्वे टीमों के सदस्य उपस्थित रहे।

# रस्साकसी में युवतियों ने दिखाया दम



- भोथली में आयोजित हुई ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



माय भारत धमतरी छत्तीसगढ़ युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार व जतन युवा संगठन भोथली के संयुक्त तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन हाईस्कूल मैदान में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिलीप सेन जनपद सदस्य ने कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। अध्यक्षता कर रही सरपंच श्रीमती शिवरात्रि मांडवी ने खेल महोत्सव के आयोजन पर प्रकाश डाला। पुरुष वर्ग की कबड्डी में प्रथम ग्राम झिरिया, द्वितीय भोथली व तृतीय सांकरा की टीम रही। 100 मीटर रिलेरेस में प्रथम सांकरा, द्वितीय सांकरा बी व तृतीय शंकरदाह रहे। गोंला फेक में प्रथम हेम कुमार व द्वितीय अभिलाषा व तृतीय स्थान पर प्रियांशु रहे। महिला वर्ग की 100 मीटर दौड़ में प्रथम ललिता, द्वितीय शैलकुमारी, रस्सा खींच में प्रथम भोथली एवं द्वितीय स्थान पर सांकरा रहा। तवा फेंक में प्रथम भाग्यश्री, द्वितीय ऐश्वर्या यादव व तृतीय तेजस्वी रही। चिराग एवं सत्यम साहू ने रेफरी की भूमिका निभाई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य एलके उपाध्याय, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी गणेश प्रसाद साहू व्याख्याता, कैलाशगिरी गोस्वामी झिरिया, सेवानिवृत प्रधान पाठक कृष्णाराम साहू, खरेंगा प्राचार्य एनके साहू, सेवानिवृत्त व्याख्याता एसके साहू, ग्रामीणजन नकछेड़ा राम साहू, सोनाराम साहू, युवा संगठन के छबिल साहू, ओमन लाल, टेमन लाल, सेवक, अर्जुन सिंह, चिराग, सत्यम, शामिक उपस्थित थे।

## कार्यक्रम की तैयारी के लिए दंतेश्वरी मंदिर परिसर में हुई बैठक

# नगरी में होगा विराट हिंदू सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इस शताब्दी वर्ष 2025 में पूरे देश भर में सात महत्वपूर्ण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। नगरी खंड में विजयादशमी पर्व एवं गृह गृह संपर्क अभियान के बाद तृतीय कार्यक्रम विराट हिंदू सम्मेलन के लिए नगरी दंतेश्वरी मंदिर परिसर में बैठक रखी गई थी। सर्वसम्मति से समिति के संयोजक आरएल देव, सहसंयोजक परमेश्वर सोनबेर, सहसंयोजक सुश्री शकुन कश्यप, सहसंयोजक सुलोचना सिन्हा, सचिव तुलसीराम साहू, कोषाध्यक्ष मोहन नाहटा व कार्यकारिणी सदस्य मौरज पटेल, हृदय साहू, अजय नाहटा, कमल डागा, बलजीत छाबड़ा, अश्वनी निषाद, दीनदयाल यादव, रामविलास सिन्हा, नरेंद्र नाग, संत कोठारी, बिट्टू खनूजा, सरपंच फरसियां केशव टेकाम, शिवदयाल साहू, अधिवक्ता आरपी साहू व नगरी व फरसियां मंडल के सभी 28 गांव से एक एक सदस्य का नाम प्रस्तावित किया गया। हिंदू सम्मेलन नगरी मंडल एवं फरसियां मंडल का संयुक्त आयोजन नगरी में होगा।

क्रियान्वयन समिति के सदस्य शीघ्र ही आपसी चर्चा कर नगरी मंडल और फरसियां मंडल के सभी ग्रामों में सभी हिंदू भाई बहनों की उपस्थिति सुनिश्चित करने नगरी मंडल के 14 गांव नगरी, चुरियारा, तुमबाहरा, मुकुंदपुर, कर्राघाटी, हरदीभाटा, चमेदा, देवपुर, बोधसेमरा, बिरनपुर छिपली, मोदे, अमाली, संबलपुर एवं फरसियां मंडल के 14 गांव फरसियां, निर्राबेड़ा, चंदनबाहरा, गोरेगांव, सामतरा, टेंगना, भैंसामुड़ा, खुदुरपानी, मटियाबाहरा, चारगांव, जबर्रा, खरका, बोडरा, घोरागांव के ग्राम प्रमुखों के साथ बैठक करेंगे। तिथि, वक्ता एवं स्थल का निर्धारण शीघ्र किया जाएगा। बैठक में डा. गोकुलराम देवांगन, मोतीलाल दिवाकर, आरएल देव, मोहन नाहटा, दिनेश्वरी नेताम, नरेन्द्र नाग, अजय नाहटा, कमल डागा, रामविलास सिन्हा, रेखराम साहू, हेमंत पटेल, दीनदयाल यादव, तुलसीराम साहू, परमेश्वर सोनबेर, यशराज साहू, महेन्द्र नेताम व अन्य सदस्य शामिल हुए।

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
25 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरूषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह धमतरी मो.नं. : 8319483810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक